DAV PUBLIC SCHOOL, ODISHA ZONE

प्रतिदर्श प्रश्न पत्र – II (2023-24)

कक्षा-आठवीं

हिन्दी (Higher)

निर्धारित समय : 1 घंटा 30 मिनट   अधिकतम अंक : **40**

सामान्य निर्देश –

(i) इस प्रश्न पत्र में 4 खंड हैं – क, ख, ग, घ ।

(ii) चारों खंडों के उत्तर देना अनिवार्य है ।

(iii) प्रश्न संख्या के साथ उत्तर क्रमानुसार लिखें ।

खंड - क (अपठित गदयांश)

1. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।   (1x5)

संघर्ष के मार्ग में अकेला ही चलना पड़ता है। कोई बाहरी शक्ति आपकी सहायता नहीं करती है। परिश्रम, दृढ़ इच्छा शक्ति व लगन आदि मानवीय गुण व्यक्ति को संघर्ष करने और जीवन में सफलता प्राप्त करने का मार्ग प्रशस्त करते हैं। दो महत्वपूर्ण तथ्य स्मरणीय है-प्रत्येक समस्या अपने साथ संघर्ष लेकर आती है। प्रत्येक संघर्ष के गर्भ में विजय निहित रहती है। एक अध्यापक विद्यालय छोड़ने वाले अपने छात्रों को यह संदेश देता है कि तुम्हें जीवन में सफल होने के लिए समस्याओं से संघर्ष करने का अभ्यास करना होगा। हम कोई भी कार्य करें, सर्वोच्च शिखर पर पहुँचने का संकल्प लेकर चलें। सफलता हमें कभी निराश नहीं करेगी। समस्त ग्रंथों और महापुरुषों के अनुभवों का निष्कर्ष यह है कि संघर्ष से डरना अथवा उससे विमुख होना अहितकर है, मानव धर्म के प्रतिकूल है और अपने विकास को अनावश्यक रूप से बाधित करना है। आप जागिए, उठिए दृढ़ संकल्प और उत्साह एवं साहस के साथ संघर्ष रूपी विजय रथ पर चढ़िए और अपने जीवन के विकास की बाधाओं रूपी शत्रुओं पर विजय प्राप्त कीजिए ।

प्रश्न :

(क) कौन-से तत्व मनुष्य को संघर्ष करने और जीवन में सफलता प्राप्त करने का मार्ग प्रशस्त करते हैं ?

(ख) प्रत्येक समस्या अपने साथ लेकर आती है-

(ग) समस्त ग्रंथों और अनुभवों का निष्कर्ष क्या है ?

(घ) संघर्ष रूपी विजय रथ पर चढ़ने के लिए क्या आवश्यक है ?

(ङ) प्रस्तुत गदयांश का उचित शीर्षक क्या है ?

खंड – ख(व्याकरण)

2. निर्देशानुसार प्रश्नों के उत्तर दीजिए - (1x10)

(क) अनुस्वार का उच्चारण करते समय हवा कहाँ से निकलती है ?

i) मुँह ii) नाक iii) मुहँ एवं नाक iv) कंठ

(ख) किस शब्द में नुक्ता का सही प्रयोग नहीं है ?

i) फ़िल्म ii) दर्ज़ी iii) बड़ा iv) फ़र्क

(ग) 'नीर' का समानार्थी शब्द है -

i) वृक्ष ii) बादल iii) नव iv) जल

(घ) 'दंड' का विलोम शब्द है –

i) पुरस्कार ii) इनाम iii) सौगात iv) उपहार

(ङ) इनमें से तत्सम शब्द कौन-सा है ?

i) रात ii) जिह्वा iii) चाँद iv) आग

(च) अश्रु का तद्भव रूप होगा -

i) नींद ii) खेत iii) आँख iv) आँसू

(छ) ; इस विराम चिन्ह का नाम है -

i) योजक चिन्ह ii) अर्ध विराम iii) एकल उद्धरण iv) दुहरा उद्धरण

(ज) 'दुर्बल' शब्द में उपसर्ग है -

i) दु ii) द iii) दुर iv) दुर्

(झ) 'सामाजिक' शब्द में कौन-सा प्रत्यय है -

i) जिक ii) इक iii) ईक iv) क

(ञ) 'भवदीय' का स्त्रीलिंग रूप है –

i) भवदी ii) भवदीनी iii) भवदीयाँ iv) भवदीया

खंड – ग (पाठ्य-पुस्तक)

3. दिए गए प्रश्नों का उत्तर एक वाक्य में लिखिए | (1x5=5)

(क) किससे टकराकर पंछियों के पंख टूट जाएँगे?

(ख) चरवाह कैसे कपड़े पहनता था ?

(ग) शाह के मन में दारा के लिए क्या बढ़ता गया ?

(घ) पड़ोसी की पत्नी भगवान के यहाँ से क्या खाकर आई है?

(ङ.) 'तूश' की शॉल की सफ़ाई में कितने रुपए खर्च हुए ?

4. दिए गए प्रश्नों का उत्तर संक्षेप में (25 से 30 शब्दों में) लिखिए | (2x6=12)

(क) कविता के अंतिम पंक्तियों में पंछी मनुष्य से क्या प्रार्थना कर रहे हैं ?

(ख) 'हम पंछी उन्मुक्त गगन के' कविता के कवि कौन हैं और कविता का केंद्रीय भाव क्या है?

(ग) गाँव वाले अपनी समस्याएँ दारा के पास लेकर क्यों आते थे ?

(घ) उत्तरी ईरान के प्रांत को किसके समान और कैसे शासक की आवश्यकता थी ?

(ड.) लेखक घर जाकर अपनी श्रीमती जी से पड़ोसन के तारीफ़ में क्या कहते ?

(च) तूश क्या है और तूश की शॉल पर किसका दाग लग गया था ?

5. दिए गए प्रश्नों का उत्तर विस्तृत रूप में (40 से 50 शब्दों में) लिखिए | (3)

पड़ोसी नई पीढ़ी का खयाल किस प्रकार रखते थे ? बताइए |

खंड-घ (लेखन)

6. दिए गए किसी एक विषय पर 80-100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए | (5)

(क) यदि मैं पंछी होता

- पंछी स्वतंत्रता का प्रतीक
- पंछी बनकर आसमान से क्या-क्या देखते
- धरती के नज़ारों का आनंद
- निष्कर्ष

(ख) परोपकार

- परोपकार का स्वरूप
- परोपकार की आवश्यकता
- लाभ
- निष्कर्ष